# हाथी का डर ऐसा, पेड़ में मचान बनाकर रह रहे पहाड़ी कोरवा

## राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों का जिले में हाल-बेहाल

**रायगढ़। धर्मजयगढ़ के कापू के पास दहीडांड़ गांव के राष्ट्रपति के दत्तकपुत्र 52 पहाड़ी कोरवा हाथियों के आतंक से बडे-बडे पेड़ों के ऊपर मचान बनाकर रह रहे हैं जो लोग चढ़ नहीं पा रहे हैं रतजगा करना पड़ रहा है । रायगढ़ जिले के रायगढ़ वन मंडल तथा धरमजयगढ़ वन मंडल के विगत कई वर्षो से जंगली हाथियों का उत्पात जारी है।**



छत्तीसगढ़ में एक निश्चित आवाजाही का रास्ता होनें तथा इन मार्गो पर जंगल कट जाने के कारण कई बार गजराजों का सामना ग्रामीणों से होता रहा है जिसकी वजह से वनांचल क्षेत्र धरमजयगढ़ के कई गांवों के साथ-साथ रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा, जुनवानी, लैलूंगा, तमनार, सामारूमा, सहित कई गांवों में हाथियों का आतंक जारी है। कई बार मुठभेंड होनें के कारण जहां जान माल की क्षति हुई है। तो कई बार हाथियों का भी अपनी जान गंवानी पड़ी है। आलम यह है कि जिले में हाथियों के रहवास तथा आवाजाही के लिए सुरक्षित गज गलियारा नही होनें के कारण ये जंगली हाथी ग्रामीण क्षेत्रों में दस्तक दे रहे हैं और हाथी प्रभावित ग्रामों के आसपास लोगों को दहशत में जीना पड रहा है। जहां तक वन विभाग की बात है तो वह ऐसे मामलों में सिर्फ सांप निकलने के बाद लकीर पीटने की कार्रवाई तक ही सिमित है और गजराजों के उत्पात के बाद ऊंट के मुंह में जीरा की तर्ज पर मुआवजे की कार्रवाई करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में हालात ऐसे हैं कि जंगली हाथियों की दहशत से लोग रातों को सो नही पा रहे हैं और गांव के युवक इकट्ठे होकर मशाल इत्यादि जलाकर रतजगा करने को मजबूर हैं। आलम तो यह है कि इन जंगली हाथियों को काबू करने के लिए वन विभाग ने कई बार योजनाएं बनाई और इन योजनाओं में लाखों रूपए फूंक डाले गए मगर हालात आज भी जस के तस हैं और ग्रामीण दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला धरमजयगढ़ के कापू वन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दहीडांड ग्राम का सामना आया है। जहां के राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र माने जाने वाले लगभग 52 पहाड़ी कोरवाओं के परिवारों को हाथी के डर से जंगल में बड़े-बड़े पेड़ों पर मचान बनाकर रहना पड़ रहा है। एकता परिषद ने इस मामले में वन मंडलाधिकारी सहित छत्तीसगढ़ सरकार से उचित कार्रवाई की मांग उठाई है। एकता परिषद के सक्रिय साथी लोग विगत 18 सितबंर को वनमंडलाधिकारी से मिलकर समस्याओं से अवगत कराने पर छत्तीसगढ़ सरकार के विकास यात्रा के कारण कार्रवाई करने में असमर्थता जताई ।

# 15 फीट नीचे खाई में गिरा बाईक सवार

## 112 के जवान ने जोखिम लेकर बचाई जान

रायगढ़। बरमकेला थाना क्षेत्र के चांटीपाली दुर्गा मन्दिर के ऊपर मोड़ में सुबह 10 बजे सुपर एक्सल में सवार चालक ने सामने से अचानक वाहन को देखकर हड़बड़ा गया और वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा जिससे उस व्यक्ति की वाहन सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई जिससे मन्तुराम 15 फिट निचे खाई में गिर



गया इसकी सूचना किसी व्यक्ति ने 112 में फोन करके दी जिससे तत्काल डायल 112 की टीम मौके में पहुच कर उस घायल व्यक्ति को निकाला और आरक्षक बीरेंद्र ठाकुर ने अस्पताल में भर्ती करवा कर जीवन बचाया। बताया जा रहा है कि घायल मंतु भगत दानसरा के साथ मोहित कुमार धौरादरहा भी था जिसको हल्की चोट आयी।

# जामपाली के ग्राम पंचायत सचिव इन्द्रजीत सिदार निलबित

रायगढ़। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी द्वारा जनपद पंचायत रायगढ़ ग्राम पंचायत जामपाली के ग्राम पंचायत सचिव इन्द्रजीत सिंह सिदार को जनपद स्तर के समीक्षा बैठक में लंबे समय से अनुपस्थित रहने, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, मिशन अन्त्योदय योजना के कार्यो में रूचि नहीं लेने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत रायगढ़ निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री सिदार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# शाम को किया भाजपा प्रवेश, सुबह घर वापसी

## पार्षद संदीप क्षत्रीय की उलटबांसी

रायगढ़। बीती रात कमलम में भाजपा विधायक रोशनलाल अग्रवाल की उपस्थिति में जिस कांग्रेसी पार्षद संदीप क्षत्रिय ने भाजपा प्रवेश किए थे उनके घर वापसी की चर्चा अब ज़ोरों पर है। बताया जा रहा है कि संदीप को नंदेली ले जाया गया है।

कल इस पार्षद के भाजपा प्रवेश करने के बाद से पूरे कांग्रेसी में कामा में हलचल मच गया था । कल जब कांग्रेसी रमन सिंह और अमर अग्रवाल के विरोध में गिरफ़्तारी देने अधिकांश कांग्रेसी रायपुर पहुंचे हुए थे। इधर भाजपा ने कांग्रेस में सेंधमारी सेंधमारी करते हुए पार्षद संदीप क्षत्रिय को भाजपा में शामिल कर लिया। मामला सामने आते ही कांग्रेसियों में हड़कम्प मच गई। अब विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संदीप क्षत्रिय को नंदेली



हाउस ले जाया गया है जहां मान मनव्वल का दौर चलेगा। अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि कुछ कांग्रेसियों द्वारा संदीप को उमेश पटेल के बुलावे पर नंदेली ले जाया गया है।

अब ऊंट किस करवट बैठता है आने वाले समय में पता चलेगा। संदीप किन कारणों से भाजपा में शामिल हुए यह भी तक गर्भ में छुपा हुआ है। संदीप क्षत्रिय के भाजपा में शामिल होने को लेकर शहर की राजनीति में उबाल आ गया है कांग्रेसी खेमे में जबरदस्त खामोशी छा गई है।

# दवा दुकानें कल रहेगी बंद

## आनलाईन दवा व्यापार के विरोध में भारत भर की दुकानें बंद



खरसिया/रायगढ़। आनलाईन दवा व्यापार के विरोध में आल इण्ड़िया आर्गनाईजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड़ ड्रगिस्ट्स एसोशियन के आव्हान पर 28 सितंबर को समस्त भारत के दवा विक्रेताओं के द्वारा अपनी दवा दुकानें बंद रखी जायेंगी। इससे पूर्व 21 सितंबर से 27 सितंबर तक दवा विक्रेताओं के द्वारा काली पट्टी लगाकर दवाएं बेंची।

गौरतलब है कि इंटरनेट के माध्यम से दवाओं की खरीदी तथा उससे होने वाले नुकसान के विरोध स्वरूप भारत भर के दवा विक्रताओं ने अपनी दुकानें 28 सितंबर को बंद रखने का निर्णय लिया है, जिसका रायगढ़ जिले में भी व्यापक असर देखने को मिल रहा है। जिला दवा विक्रेता संघ की अपील पर रायगढ़ जिले के समस्त दवा विक्रेताओं ने 21 सितंबर से 27 सितंबर तक काली पट्टी लगाकर मरीजों को दवाएं मुहैया करायी तथा 28 सितंबर को 24 घंटे के लिये अपनी दवा दुकानें पूर्णतः बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। रायगढ़ जिला कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल खरसिया ने बताया कि आनलाईन मंगायी जाने वाली दवांएं विष्वसनीय नहीं होती है तथा आनलाईन दवा बेचने वाली साईटें सरकार द्वारा बनायी गयी नियमों का पालन भी नही करती है जिससे किसी को भी प्रतिबंधित दवांएं सहज ही उपलब्ध हो जाती है, जिसका मरीजों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

इन्ही कंपनियों के द्वारा आनलाईन विक्रय की जा रही दवाओं के विरोध में खरसिया नगर की भी समस्त दवा दुकानें बंद रहेंगी। इस संबंध में खरसिया अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को ज्ञापन देकर सूचना भी दे दी गयी है, ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल (बी.एम.), सुनील अग्रवाल हीरा मेड़िकल, दिलीप अग्रवाल राहुल मेड़िकल, पराग अग्रवाल भगत मेड़िकल सहित खरसिया के अनेंक दवा विक्रेता मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन उर्दना में नवनिर्मित 32 फ्लैट का हुआ उद्घाटन

## 32 मकान का विधायक रोशनलाल ने फीता काटकर किया शुभारंभ

रायगढ़। रायगढ़ पुलिस ने अपने जवानों के आवास की समस्या को दूर करने एक और पहल की है। मिली जानकारी के अनुसार उर्दना पुलिस लाइन में छत्तीसगढ़ हाउसिंग कॉरपोरेशन के जरिए दो ब्लॉक में 1 बीएचके के 16- 16 मकान बनाए गए हैं। जिसका उद्घाटन रायगढ़ विधायक रोशनलाल अग्रवाल ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के दौरान विधायक ने बताया कि रायगढ़ पुलिस की यह पहल काफी सराहनीय है। इससे जरूरतमंद जवानों को उनकी आवास की समस्या दूर होगी। 2 करोड़ 39 लाख की लागत से बने इस नवनिर्मित मकानों के वितरण के दौरान एसपी ने कहा कि इसके लिए काफी संख्या में पुलिस जवानों के आवेदन आए थे। पर जरूरत व वरीयता के हिसाब से उक्त मकानों का वितरण किया गया है। जिसमें लंबे समय से किराए के मकान में जर्जर मकान में रहने वाले पुलिसकर्मी के परिजनों को प्राथमिकता दी गई है। विभाग के पास 132 मकानों का अतिरिक्त प्रस्ताव भी है। जिसे जमीन उपलब्ध होने के बाद मनाया जाएगा। एसपी की मानें तो 132 अतिरिक्त मकान बनने से रायगढ़ पुलिस के जवानों को आवास की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

शासकीय आवास के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान एसपी हरीश राठौर, सीएसपी सिद्धार्थ तिवारी, कोतवाली टी आई डी के मारकंडे सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता व सहायिका पद के लिए 3 अक्टूबर तक आवेदन आमत्रित

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 3 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण कार्यालय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-अड़बहाल में कार्यकर्ता एक पद एवं ग्राम-महापल्ली-3, गेरवानी-2, कुरमापाली एवं धरमपुर में सहायिका के एक-एक पद रिक्त है।

इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# सौ मीटर फर्राटा रेस के कुंवर सिंह बने विजेता

### ब्लाक स्तरीय ग्रामीण पुरूष व महिला खेलकूद स्पर्धा आयोजित

रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आज ब्लाक स्तरीय ग्रामीण पुरूष एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम में किया गया जिसमें रायगढ़ ब्लाक के विभिन्न विद्यालय के खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

खेल अधिकारी प्रमोद बैस ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल प्रतियोगिता में अलग-अलग खेलों को शामिल किया गया था। जिसके तहत रस्साकस्सी बालक एवं बालिका दोनों वर्गो में किरोड़ीमलनगर विजेता रहे। इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता में बालक में प्रथम-कार्मेल स्कूल एवं बालिका में प्रथम-कोतरलिया, हेण्डबाल बालक में प्रथम-रायगढ़, व्हालीबाल बालिका में प्रथम-कुसमुरा, फुटबाल बालक एवं बालिका में प्रथम-रायगढ़ को मिला। इसी तरह 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम-कुंवर सिंह, 200 में डेविड लहरे, 400 में कुंवर सिंह, 800 में आकाश, 1500 में आकश सिदार, लम्बी कूद में कुंवर सिंह, ऊंची कूद में शिवा केवर्त्य, गोला फेक में भावेश यादव, भाला फेंक में शिव केवर्त्य रहे। बालिका 100 मीटर दौड में जमुना सिदार, 200 मीटर में निर्मला, 300 मीटर में निर्मला धनवार, लम्बीकूद में जमुना सिदार, ऊंची कूद में ईशा, गोला में जमुना सिदार विजयी रही।

इस अवसर पर मुकेश चटर्जी, चद्रमणी गुप्ता, देवेन्द्र मिश्रा, वशिष्ठ यादव, सत्यभान साहू, विनीता पाणी, मालती मैत्री का विशेष योगदान रहा।

# स्काई योजना के तहत जिले में मोबाइल का किया जा रहा वितरण

रायगढ़। संचार क्रांति योजना (स्काई)के तहत जिले एवं प्रदेश में मोबाइल के धनत्व एवं मोबाइल कनेक्टीविटी बढ़ाने के लिए मोबाइल के वितरण एवं अधोसंरचना की वृद्धि की जा रही है। जिले में अब तक 132550 से अधिक मोबाइल वितरण किया जा चुका है। इसमें जनसामान्य को मोबाइल तथा डिजिटल ट्रांजेक्शन एवं ऑनलाईन सेवा का लाभ दिया जा रहा है। यह मोबाइल जनसामान्य के लिए सुरक्षित एवं उपयोगी है। जिसमें 95 प्रतिशत हितग्राही प्रथम मोबाइल धारक बने है। 86 प्रतिशत हितग्राहियों ने मोबाइल का उपयोग करना आरंभ कर दिया है। आज महाविद्यालय में युवाओं को सेठ किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में 523 एवं नर्सिंग कालेज में 238, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय पूंजीपथरा में 258, महात्मा गांधी कालेज खरसिया में 502 स्मार्ट फोन का वितरण किया गया।



### मोबाइल फोन पाकर रूद्र, संदीप व सागर ने जाहिर की खुशी

संचार क्रांति योजना (स्काई) के तहत आज सेठ किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में स्मार्ट फोन मिलने पर छात्र रूद्र देवसाव, संदीप पटेल, समीर एवं सागर निषाद ने खुशी जाहिर की। रूद्रदेव साव ने कहा कि वे स्मार्ट फोन से सबसे पहले अपने परिवारजनों को फोन करेंगे और इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करेंगे।

बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र संदीप पटेल ने बताया कि वे अपने माता-पिता को फोन करेंगे एवं फोन का उपयोग पढ़ाई के लिए करेंगे। बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र सागर निषाद ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि वे अब सोशल मीडिया से जुड़ सकेंगे और पढ़ाई के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करेंगे। समीर बारिक ने कहा कि युवाओं को मोबाइल देने की यह योजना मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह की सराहनीय योजना है इससे युवाओं को प्रोत्साहन मिला है।

# जिला स्तरीय निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का प्रशिक्षण आयोजित

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्रिय होकर कार्य करना है। सभी सावधानी पूर्वक कार्य करें एवं प्रशिक्षण में बतायी गई बातों का पालन करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर लें और अच्छे से समन्वय कर बेहतर तरीके से कार्य करें।




जिला कोषालय अधिकारी अनिल पटेल ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत धारा 71 में प्रत्याशी के व्यय की जानकारी दी गई है जो भी प्रत्याशी निर्वाचन में भाग लेंगे वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में व्यय लेखा जमा करेंगे। उन्होंने बताया नियमानुसार यदि कोई प्रत्याशी व्यय लेखा जमा नहीं करते है तो उनके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन लेखा जमा नहीं करने पर निर्वाचन आयोग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। आईपीसी भारतीय दण्ड संहिता के नियमानुसार अवैध खर्चे करने एवं लेखा व्यय जमा नहीं करने पर एफआईआर एवं वाहन की जप्ती की अनुमति निरस्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रत्याशी के व्यय की अधिकतम सीमा के लिए 28 लाख एवं लोकसभा निर्वाचन के लिए 70 लाख व्यय की सीमा निर्धारित की गई है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि कोई भी प्रत्याशी धन बल का प्रयोग कर निर्वाचन को प्रभावित न करे। उन्होंने बताया कि वैध खर्चो में प्रत्याशी द्वारा बैनर, पोस्टर, चुनाव प्रचार सामग्री जनसामान्य के साथ बैठक एवं सामान्य प्रचार-प्रसार शामिल है वहीं अवैध खर्चे में शराब व राशि तथा किसी भी प्रकार के उपहारों का वितरण प्रतिबंधित है। पेड न्यूज का प्रकरण होने पर संबंधत प्रत्याशी के खाते में व्यय जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खर्चो की रोकथाम की जानी है।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान यदि कोई स्टार प्रचारक आते है तो उनके यात्रा व्यय को छोड़कर शेष बैठक, रैली एवं अन्य खर्च उनके व्यय में जोड़ा जाएगा। जब प्रत्याशी सभा में स्वयं उपस्थित हो, अथवा उसका बैनर अथवा पोस्टर या स्टार प्रचारक द्वारा उसके नाम से प्रचार किया गया हो। उनके आगमन की सूचना 7 दिन पहले प्राप्त होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लीड बैंक अधिकारी प्रत्याशियों के एक लाख से अधिक आहरण होने पर जानकारी देंगे और प्रतिदिन एक्सपेडिचर आब्जर्वर को प्रतिदिन प्रतिवेदन देंगे।

# एमसीएमसी समिति का गठन

रायगढ़,। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2018 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 17-सारंगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ हेतु मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी)समिति का गठन किया गया है। इससे पूर्व गठित समिति को निरस्त करते हुए निम्नानुसार समिति का गठन किया गया है।

एमसीएमसी गठित समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ श्रीमती शम्मी आबिदी को अध्यक्ष तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी को सदस्य सह नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक जनसंपर्क डॉ.उषा किरण बड़ाईक को सदस्य-सचिव बनाया गया है।

इसी तरह गठित समिति में अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार, अपर कलेक्टर हरीश एस, एसडीएम घरघोड़ा अशोक कुमार मार्बल, प्रसार भारती आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक नीरज, एसडीएम भागवत जायसवाल एवं स्वतंत्र नागरिक सेवानिवृत्त्त प्राचार्य प्रताप सिंह खोडियार को सदस्य बनाया गया है।